प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 01.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

सर्वोच्च न्यायालय में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की कुल संख्या 37 हो गई है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद सुप्रीम कोर्ट में ये नियुक्तियां की है। विधि मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को पदोन्नत किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना को भी सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने पिछले महीने एक अध्यादेश जारी कर कानून में संशोधन किया था। इसके अंतर्गत मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 37 की गई थी।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमा के राष्ट्रपति मिन आंग हाइंग के बीच आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों नेताओं के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा हुई। म्यांमा के राष्ट्रपति शनिवार को पांच दिन की भारत यात्रा पर बिहार के गया पहुंचे थे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल है। यह उनकी पहली भारत यात्रा है। म्यांमा के राष्ट्रपति आज शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। उनका व्यापार और उद्योग जगत के साथ बातचीत के लिए कल मुंबई जाने का कार्यक्रम है।

00000

देश में आज से खेत बचाओ अभियान शुरू हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से इसका शुभारम्भ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और उचित उपयोग बढ़ाना, मौसम संबंधी चुनौतियों के बीच किसानों को समय पर सलाह देना और पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री चौहान ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अभियान में शामिल होने की अपील की है।

00000

व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में बढोतरी की गई है। इनकी कीमते चार प्रमुख शहरों में 42 रूपये से लेकर साढे 53 रूपये तक बढ गयी है। 19 किलोग्राम वाले ये सिलेंडर होटलों, रेस्तरां और अन्य व्यवसायों में उपयोग में लिये जाते है। घरेलू उपयोग में आने वाली गैस की दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत के दाम अब तीन हजार 113 रुपये 50 पैसे होंगे। व्यावसायिक एलपीजी की कीमतों में यह बढोतरी अमरीका और ईरान में संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा लागत में वृद्धि के मद्देनजर हुई है।

00000

दस राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों की अधिसूचना आज जारी की जा रही है। इसमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार–चार सीटे राजस्थान और मध्य प्रदेश में तीन–तीन सीटें झारखंड में दो सीटे और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम में एक–एक सीट पर चुनाव होंगे।

00000

जून महीने को राष्ट्रीय एंटीमलेरिया माह के रूप में मनाया जायेगा। मॉनसून पूर्व मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ये निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे महीने मच्छरों की रोकथाम और जनजागरूकता के लिए विशेष गतिविधियां होंगी। जयपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जल भराव वाले स्थानों की पहचान कर सोर्स रिडक्शन कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एंटीलार्वा उपाय किये जायेंगे।

0000

प्रदेश में साफ पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियानों से अब तक 15 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर

से चलाये गये 6 विशेष अभियानों से लोगों को काफी राहत मिली है। इसके तहत तीन हजार से ज्यादा हैडपम्पों की मरम्मत और 1600 से अधिक पाईप लाईन लीकेज दुरूस्त किये गये।

इसमें विशेष टीमों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्त्रोतो पाईप लाईन नेटवर्क और जल आपूर्ति व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। साथ ही विभाग ने सख्त कार्यवाही करते हुए करीब सवा तीन सौ अवैध जल कनेक्शन हटाये।

0000

भरतपुर में आज दुपहिया वाहन चालको को निशुल्क हेलमेट वितरित किये गये। यातायात पुलिस ने भामाशाहों के सहयोग से ये वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान प्रमुख चौराहों पर वाहन चालको को हेलमेट की उपयोगिता बतायी गई। साथ ही यातायात नियमों की पालना करने की सीख दी गई।

0000